जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक-11.01.2025**

थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मोटरसाइकिल चोरी की घटना में वांछित 01 चोर गिरफ्तार:-

ज्ञात हो कि दिनाँक 03.08.2024 को वादी श्री गौरव मलिक पुत्र सुरेशपाल निवासी ग्राम किवाना द्वारा मोटर साइकिल रजि0नं0- UP19 -4117 को चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कांधला पर तहरीर दी गई थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

इसी क्रम में आज दिनांक 11.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना में वांछित 01 चोर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के संबंध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्त प्रिंस उर्फ बूटा को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त:-

1.अनुकूल पुत्र तेजपाल सिंह निवासी ग्राम ताहरपुर भभीसा थाना कांधला जनपद शामली ।

थाना थानाभवन पुलिस द्वारा थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मंटी हसनपुर के पास भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य की साईट से हुई चोरी की घटना में 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये सामान से बेचकर प्राप्त धनराशि में से 2000/- रुपये की नगदी व 01 मोबाइल फोन बरामदः-

ज्ञात हो कि दिनांक 10.01.2025 को वादी श्री ब्रजपाल पुत्र कवल सिंह निवासी ग्राम काशीपुर नानौता जनपद सहारनपुर के द्वारा थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मंटी हसनपुर के पास भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य की साईट से 28 सेटरिंग प्लेट व 03 सोल्जर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर तहरीर दी गयी थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक

शामली द्वारा चोरी की घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तगण की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी थानाभवन को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 11.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण व ऐसी वारदातों में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मंटी हसनपुर के पास भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य की साईट से हुई चोरी की घटना में 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये सामान से बेचकर प्राप्त धनराशि में से 2000/- रुपये की नगदी व 01 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध मे थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त चोरी की घटना में शामिल अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है, यथाशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1.वरीस पुत्र हनीफ निवासी ग्राम बडेडी राजपूताना थाना बहादराबाद जनपद हरिद्वार।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी किये गये सामान को बेचकर प्राप्त धनराशि में से 2000/- रुपये की नगदी।

2.एक मोबाइल फोन कम्पनी सैमसंग।

थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 11.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.तालिब उर्फ तल्लू पुत्र जहूरा उर्फ जहूर हसन निवासी ग्राम बलवा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 150 ग्राम चरस बरामदः-

आज दिनांक 11.01.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध कार्यवाही एवं रोकथाम अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से अवैध 150 ग्राम चरस बरामद हुयी है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.अमजद पुत्र राशिद निवासी घाटमपुर थाना नकुड जनपद सहारनपुर।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 150 ग्राम चरस।